जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1294 दिनांक : 21.12.2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्य
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अति आवश्यक

विषयः- **स्नातक B.Voc. पाठयक्रम** (1.COSMETICS SCIENCE & BEAUTY CULTURE 2. AGCOUNTANCY & AUDITING 3. ANIMAL HUSBANDERY 4. DAIRY SCIENCE 5. ELECTRICAL SCIENCE & TECHNOLOGY 6. INFORMATION TECHNOLOGY 7. PESTICIDE SCIENCE 8. HOSPITAL INSTRUMENTAION AND MAMAGEMENT) **द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 नियमित परीक्षार्थियों के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन एवं मौखिकी परीक्षा) के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने वावत्।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020।

महोदय/महोदया,

शासन के निर्देशानुसार स्नातक पाठ्यक्रम सत्र 2019-20 प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणााम असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन/असाइनमेंट) के आधार पर घोषित किया जाना है।

समस्त स्नातक **B.Voc. पाठयक्रम द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020** के समस्त नियमित परीक्षार्थियों के विषयों के आंतरिक मूल्यांकन/असाइनमेंट प्राप्त कर उनका मूल्यांकन कराकर प्राप्तांकों को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें।

तथा

B.Voc. पाठयक्रम द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 के ऐसे परीक्षार्थी जिनके पाठयक्रम में सैद्धांतिक विषयों के अतिरिक्त में प्रथक से प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा (viva-voce) विषय सम्मलित है एवं उक्त विषयों में आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था नहीं है। उन विषयों के असाइनमेंट प्राप्त कर उनका मूल्यांकन कराकर प्राप्तांकों को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें। परीक्षार्थियों से प्राप्त असाइनमेंट का संधारण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जाना है। आवश्यकता प्रतीत होने पर उक्त रिकॉर्ड विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा।

उक्त संबध में समस्त प्राचार्य महाविद्यालय को सूचित किया जाता है कि, समस्त B.Voc. पाठयक्रम द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 के समस्त परीक्षार्थियों के असाइनमेंट/आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिनाक 31.12.2020 तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन/असाइनमेंट के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/असाइनमेंट के अंक मान्य नहीं किये जावेगे। निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त सम्बद्व महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्या जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)